महान और सामर्थी जय पाने वाला

आपको सुप्रभात। आप में से हर एक को "ईस्टर की शुभकामनाएं"! यह सबसे महान दिनों में से एक है, हमारे प्रभु के पुनरुत्थान के स्मरणोत्सव में। यह सारे संसार के इतिहास के महानतम दिनों में से एक है। यह पुनरुत्थान है। और हम इस प्रात: इस महान दिन पर यहां आकर बहुत ही आनंदित है। और सूर्य को उगते हुए देखना, और धरती से फूलों को उगते हुए, हर एक चीज ईस्टर की बात करती है।

और अब आईये हम अपने सिरों को कुछ क्षण के लिए झुकाये।

2 पिता परमेश्वर, आपकी उपस्थिति में हम आते हैं। और हम आपसे इस सुबह अपेक्षा कर रहे हैं कि हमें दे, आप हम थोड़ी अधिक स्वर्ग से आशीष को दें, हमारे अपने प्राणों में ईस्टर का थोड़ा सा स्पर्श; कि, जब हम यहां से जाये, तो हम कह सकते हैं, जैसे वे जो इम्माऊस से आए थे, "क्या हमारे ह्रदय हमारे भीतर नहीं जले, उसकी उपस्थिति के कारण? " क्योंकि, हम इसे उसके नाम में मांगते हैं, और उसकी महिमा के लिए। आमीन।

3 अंतिम पुस्तक में, संत मत्ती के सुसमाचार का 28वां अध्याय, और 7वां पद, मैं एक विषय के लिए पढ़ना चाहता हूं, जैसा कि हम इस सभा में जाते हैं।

> *और शीघ्र जाकर, और उसके चेलों से कहो, कि वह मरे हुओं में से जी उठा है; और देखो, वह तुम से पहले गलील को जाता है; वहां* उसका *दर्शन पाओगे, देखो, मैंने तुम्हें बता दिया।*

4 मनुष्य को और इस पृथ्वी के लोगों को बहुत सी बड़ी–बड़ी आज्ञायें दी गई हैं। लेकिन इस तरह की एक महत्वपूर्ण आज्ञा कभी नहीं दी गई थी, "जाकर उसके चेलो से कहो कि वो मुर्दों में से जी उठा है।" यही वो एक बड़ी आज्ञा है। और इसे केवल एक ही तरीके से दिया जा सकता था, इसलिए वहां पहले एक महान विजय को होना था।

5 हमारे दिनों में मनुष्य रहा है, और बीते दिनों में, और इस संसार के महान इतिहास में, अपने बड़े–बड़े युद्ध के मैदानों में; वहां बहुत से महान

विजेता हुए हैं, बहुत सी महान चीजें जो मनुष्य जाति के लिए की गई है।

6 उदाहरण के लिए, मैं सोच रहा हूं, जैसा कि मैं आज सुबह नीचे आया, जल्दी उठकर चलकर आ गया, और बहुत अधिक अध्ययन करने का मौका नहीं मिला। क्योंकि, मैं नहीं जानता था कि पिछली रात को, आज हमारे पास कौन सा भाग होगा, पास्टर और मेरे बीच, सभाओं में। लेकिन मेरे रास्ते पर, मैं सोचने लगा, आज सुबह क्या करूं, यह सबसे अच्छा होगा जो मैं जानता हूं कि उसके लोगों से बोलूं, एक संदेश को लेने के लिए। मैंने इस विषय में सोचा, "जाकर उसके चेलों को बताओ।" अब, उसके *चेले* उसके "अनुकरण" करने वाले हैं। एक *चेला* "वह जो अनुसरण करता है।" और मैंने इस विषय के बारे में सोचा, *महान और सामर्थी जय पाने वाला।*

7 और यह सोचते हुए कि इस संसार में हमारे पास कितने महान विजेता रहे थे, और उन्होंने मनुष्य के जीने के तरीके को और बेहतर बनाने के लिए क्या ही महान चीजों को किया हैं। मैं उस महान नेपोलियन के बारे में सोच रहा था, उसके दिनों में, कैसे वह असल में एक फ्रांसीसी नहीं था, लेकिन उसके मन में कुछ तो था। पहला, उसने—उसने फ्रांस को तुच्छ जाना, उसे यह पसंद नहीं आया। वह द्वीपों से आया है। लेकिन उसके मन में एक विचार था, कि किसी दिन वह जय को पायेगा। और वो कारण जो उसके मन में था, उसके पास काम करने के लिए कुछ तो होना था।

8 हर एक व्यक्ति के लिए, इससे पहले कि आप कोई कार्य कर सके, आपके पास कोई उद्देश्य होना चाहिए, कोई विकल्प होना चाहिए, कुछ तो जिस पर आप काम कर रहे हैं, एक काम करने के उद्देश्य के लिए, कुछ तो जिसके द्वारा काम करना है।

9 और जैसा कि हम सभी जानते हैं, हिटलर के इतिहास को लेने के द्वारा... या, ना ही हिटलर, लेकिन नेपोलियन का, कि वह चंद्रमा को देखकर उसके अनुसार चलता, और तारों के बदलने के द्वारा वो चलता। उसने इसी तरह से काम किया, और अपेक्षा कर रहा था; क्योंकि एक बार उसने ऐसा किया, और उसने एक जीत को हासिल किया था। और वह फ्रांस में आया, और वह एक बड़ा योद्धा बन गया। उसने बहुत से लोगों को मार डाला, क्योंकि वे उसके साथ सहमत नहीं होंते। और उसने अपने सारे देश को साफ कर दिया, जो कोई भी उसके विरोध में था। उसने बस इसे पूरी तरह से मिटा दिया, क्योंकि उसे इसे इसी तरह से अधिकार करना था। यदि

वो इसे इस तरह से नहीं करता था, तो हर समय उसके विरुद्ध कुछ न कुछ रहता, और उसकी बड़ी योजना जो उसके मन में थी। उसकी अपनी जिंदगी खतरे में पड़ जाएगी, इसलिए उसे अपना संपूर्ण राज्य उतना ही उत्तम बनाना था जितना वह प्राप्त कर सके।

10 मैं अब सोच रहा हूं कि आप मुझे समझ रहे हैं, उस महान जयवंत के बारे में जो मैं सोच रहा हूं। उसके राज्य में हर एक चीज अवश्य ही उसके लिए होनी चाहिए। यह हृदय, प्राण और शरीर अवश्य ही उसके लिए होना चाहिए। उसके विरोध में कुछ नहीं हो सकता। जो कुछ भी उसके विरोध में था, उसे हटाना होगा। उसके पास पूरी तरह से उसी के लिए सब कुछ होना है। और जब...

11 नेपोलियन, उसने हथियार, तोपें, बंदूकें, बंदूक, तलवारें उठा लीं। और वह इस एक विचार के साथ आगे बढ़ा, कि वह संसार को जीत लेगा। और उसने व्यवहारिक रूप से तैंतीस वर्ष की आयु में ऐसा किया। जब वह एक युवा पुरुष था, वह एक मद्यनिषेधवादी था। और उसकी बड़ी प्रसिद्धि ने उसे इतना स्वघोषित बना दिया; और यह उसकी नसों पर चढ़ गया, इतना तक कि वह तैंतीस वर्ष की आयु में मर गया, एक शराबी होकर। उसकी लोकप्रियता, वह खड़ा नहीं हो सका। और मैं एक मनुष्य के विषय में सोचता हूं, जिसने तैंतीस वर्ष की आयु में संसार को जीत लिया और एक शराब पीने से मरा, उसके प्रसिद्धि के कारण, और उसी सिद्धांत को खो दिया जिसके लिए वह लड़ रहा था। वो—वो एक प्रकार का नमूना था, या, एक नमूना नहीं था, मैं कहूंगा, लेकिन वह शैतान का यंत्र या जरिया था। और संसार से लड़ने का यत्न कर रहा था, और वह तैंतीस वर्ष की उम्र में हार गया।

12 लेकिन, ओह, यह महान, पराक्रमी योद्धा जिसके बारे में मैं बात कर रहा हूं, तैंतीस वर्ष की उम्र में, हर एक चीज को जीत लिया जो धरती और अधोलोक में—में थी। तैंतीस वर्ष की आयु में, एक महान और सामर्थी जय पाने वाला!

13 मैं उन महान लड़ाइयों के बारे में सोच रहा हूं जो मैदान पर लड़ी गई हैं। हम जानते हैं, नेपोलियन की सम्पाती के साथ, वो वाटरलू उसके अंत में आ गया। अधिक समय नहीं हुआ, मुझे यह अवसर मिला, कि उसके रथों के ढांचे का प्रतिरूप देखने को मिला, और घुडसवारों का और मनुष्य

का, कि वे किस तरह से युद्ध के मैदान में डटे हुए थे। और रथ एक साथ ढेर हो गए, पहिए टूट गए, ठीक वहां और बाहर मैदानों में, जहां यह महान प्रदर्शन किया गया है।

14 और यह क्या ही एक अन्तेर है: ध्यान देना, उस व्यक्ति पर तैंतीस वर्ष की उम्र में, और अपमान की बात है जो वहां उसके बड़े युद्ध और उस पर जय पाने के याद में रखा गया है; और फिर यरूशलेम को जाकर, और एक खाली कब्र को देखना, उस महान और सामर्थी जय पाने वाले के यादगार के रूप में।

15 किसी ना किसी प्रकार से एक और, वहां कुछ तो जय पा रहा है। यदि हमारे पास कुछ है जिसके लिए हम लड़ रहे हैं, यदि हमारे शरीर में कोई बीमारी है, और हम मृत्यु और जीवन के बीच लड़ रहे हैं, यह क्या ही विजय होती है जब हम इसे जीतते हुए देखते हैं। यदि हम किसी बड़ी आदत के लिए लड़ रहे हैं, या कोई बड़ी चीज के लिए जो हमें परेशान कर रही है, जब अंत में बड़े झंडे लहराने लगते हैं और हम इसे जीत लेते है; यह हमारे अंदर क्या ही अनुभुती को देता है, क्योंकि तब हम एक जयवंत हो सकते हैं।

16 अब मैं पिछले युद्ध के बारे में सोच रहा हूं, और कैसे यह जब हिटलर ने वारसा को अधिकार कर लिया था। और जर्मनी के लोगो ने सोचा कि यह सबसे बड़ी जीत में से एक हो सकती है, क्योंकि उनके बड़े, मुख्य कप्तान, एडोल्फ हिटलर, ने एक ही बार में वारसा में सब कुछ डूबा दिया था, पुलों को तोड़ दिया, और बड़ा पुल गिर गया। अखबारों ने पुल के गिरने की बड़ी–बड़ी तस्वीरें छापी थी। जर्मनी के लोगो ने सड़को पर से होकर कदम ताल किया, और उन्होंने ढोल बजाया और उन्होंने सीटी बजायी, और हजारों हवाई जहाज उसके पास से होकर गुजरे, जब उसने अपनी पहली बड़ी विजय को प्राप्त किया। उस एक महान एलेग्जेंडर की तरह बैठा हुआ था, या एक नेपोलियन, दुनिया पर जय पाने वाला, लेकिन वह कहां पर खत्म हुआ? अपमान में। निश्चय ही, उसने ऐसा किया।

17 मुझे याद है जब उन्होंने बड़ी बर्मा खाड़ी का निर्माण किया था। वहां अवश्य ही... शायद उन्होंने पहाड़ को पार किया हो। कुछ लड़के आज सुबह यहां बैठे हुए हैं, हो सकता है, जो इस बड़ी खाड़ी को पार कर गए हो। यह क्या ही एक मेहनत का कार्य था! इसने कितना वास्तविक कार्य लिया, और

क्या ही वास्तविक कार्य उन्होंने किया! और उस बर्मा खाड़ी को बनाने में कितना पैसा खर्च हुआ, लाखों डॉलर! वे लड़के जिन्होंने अपने जीवन को खो दिया, ऐसा करने में! लेकिन अंत में, और कुछ समय के बाद, जब रास्ते का अंतिम मील बन गया था, और खाड़ी पुरी बन कर तैयार हो गयी, किस तरह से लोगों में विजय की चिल्लाहट गुंज उठी! उनके पास एक खाड़ी थी जिसे वे विजय को पाने के लिए पहाड़ों को पार कर सकते थे।

18 मैं एक और खाड़ी के लिए सोच रहा हूं, जिसे एक दिन हमारे धन्य प्रभु के जीवन की कीमत चुकानी पड़ी। यह केवल धरती पर का एक मार्ग नहीं था, लेकिन यह एक राजमार्ग था जिसे "पवित्रता का महामार्ग" कहा जाता था, जहां अशुद्ध लोग वहां से होकर नहीं निकलेंगे, केवल वे ही जिन पर छाप लगाई गई है। केवल वे जो उस ओर हैं जिस पर वह है, वे इस महामार्ग से होकर गुजरेंगे।

19 महान विजय को प्राप्त किया गया है। आज हम में से बहुत से पहले विश्व युद्ध को अच्छी तरह से याद कर सकते हैं। मुझे याद है जब मैं बस एक छोटा लड़का था, मैं सीटी बजाते हुए सुन सकता हूं; और यहां तक कि खेत में किसानो ने, अपने घोड़ों को रोक दिया, और अपनी टोपियों को हिलाया। वे चिल्ला उठे। उन्होंने शोर मचाया। क्या हुआ था? युद्ध समाप्त हो गया था। जीत प्राप्त हुई थी। जिस बड़े अर्थव्यवस्था के लिए हम लड़ रहे थे, अंत में हमने जीत हासिल कर ली थी।

20 मैं इस अंतिम विश्व युद्ध के बारे में सोच रहा हूं। मैं सड़क के उस पार रहता था। और जब सीटी बजने लगती है, लोग घरों के आंगन में भागने लगते; स्त्रियां जो उनकी ओढनी को ओढ़े हुए होती, उन्हें उतारकर, और उन्हें हवा में लहराने लगती। गोलियां पेड़ों में से होकर निकलती। सीटी बजाई जाती। कारों ने सड़कों पर दौड़ लगाई। लोग अपने घुटनों पर गिर गए, और अपने हाथों को ऊपर उठा लिया। वे चिल्ला उठे। वे रोये। क्यों? क्योंकि युद्ध समाप्त हो गया था। और धन्य लोग, वे प्रिय लड़के जो समुद्र के उस पार थे, जल्द ही फिर से नाव से उनके घर को लौटेंगे। क्या ही विजय है! क्या ही समय है, और यह किसी भी हृदय के लिए एक रोमांच है! क्या ही जुबली है! उस रात, हर कोई इस तरह के भाव में था, आप रेस्टोरेन्ट में चलकर और खा सकते थे, और बाहर चलकर जाते और इसका भुगतान नहीं करते, तो भी कोई बात नहीं होती। आप अगले व्यक्ति की कार का

उपयोग कर सकते थे, तो इसमें भी कोई बात नहीं होती। आप पूछ सकते है कि आपको क्या चाहिए, और आपको शायद मिल गया होता। ऐसा क्यों था? जीत प्राप्त हुई थी। लड़के घर आ रहे थे। यह सब खत्म हो गया था।

21 और मैं सोच रहा हूं, मेरे भाई, यह बहुत ही बुरा है कि इस तरह की भावनाएं हर समय बनी नहीं रह सकती हैं। लेकिन, आज सुबह मसीही लोगो के लिए, जीत को हासिल किया गया है। आनंद की घंटियां बज रही हैं। युद्ध समाप्त हो गया है, परमेश्वर और मनुष्य के बीच। विजय को प्राप्त कर लिया गया है।

22 इससे पहले कि कोई भी विजय को प्राप्त किया जा सके, वहां अवश्य ही बड़ी कीमत चुकानी होगी। ओह, क्या ही दाम चुकाया गया है! और कभी–कभी वे बहुत गहरे होते हैं, और वे बड़े–बड़े निशान बनाते हैं, जो तोड़ डालते हैं। लेकिन, पहाड़ को होने के लिए, हमारे पास घाटी होना है। इससे पहले कि हमारे पास सूर्य का प्रकाश हो सके, हमारे पास बारिश को होना है। इससे पहले कि हमारे पास उजियाला हो सके, हमारे पास रात होना है। इससे पहले कि हम सही हो सके, उनके पास गलत होना था, या तो आप कभी नहीं जान पाएंगे कि गलत क्या था।

23 लेकिन जीत को पाने के लिए और सबसे बड़ी लड़ाई को जीतने के लिए जो हर एक जीती हुई थी, उस एक ने महिमा से बाहर कदम रखा, बहुत वर्षो पहले। और उसने अपने आप पर एक दूत का रूप धारण नहीं किया। वह किसी बड़े व्यक्ति के समान नहीं आया। लेकिन वह यह साबित करने जा रहा था कि युद्ध जीतने के लिए बंदूक और गोलियां, और परमाणु बम की आवश्यकता नही होती है। उसने अपने आप को एक छोटे बालक के समान नम्रता के वस्त्र पहनाये, और एक चरनी में जन्मा था। उसके जन्म के लिए यहाँ तक कोई स्थान भी नहीं था, जब वह आया। मैं चाहता हूं कि आप युद्ध के विभिन्न सामानों की ओर देखें, जिसका उसने उपयोग किया।

24 अब, आदम की जाति बंधुवाई में थी। वहां पर वे थे, बिना आशा के, बिना परमेश्वर के, बिना अवसर के, बिना दया के, बिना किसी भी चीज के जो उनकी सहायता कर सके। वे बड़े–बड़े शत्रु, निचले क्षेत्रों के जो खोये हुए थे, उन्हें अंधकार में बंद कर दिया गया था। बाहर निकलने का कोई मार्ग नहीं था। वहां कोई सहायता नहीं कर सकता था। कुछ नहीं किया जा सकता। यह कुल मिलाकर, पूरी तरह से पराजय की तरह लग रहा था।

25 लेकिन हमारा नायक, जो महिमा के द्वार से अपने स्तर से नीचे उतर कर आया!

26 क्योंकि, पृथ्वी पर कोई मनुष्य नहीं था जो इस कार्य को कर सके। वे सारे, जैसे सांसारिक लोग बोलते थे, एक ही नाव में थे। हम सब, "पाप में जन्मे, अधर्म के आकार लिया, झूठ बोलते हुए संसार में आये।" और हम में से कोई भी एक दूसरे की सहायता नहीं कर सकता था। हम असहाय खड़े थे, हारे हुए, हर एक हाथ पर घोर अव्यवस्था थी, सारे बिना एकता के थे। हम नियमों और समारोह को नहीं मान सकते थे, उनकी कमजोरियों और आदि–आदि को देखते हुए, हम इसे नहीं कर सकते थे। और ऐसा प्रतीत हुआ जैसे कि सारी मनुष्य जाति नष्ट हो गई थी।

27 और तब वो आ गया, वह नीचे आया। क्योंकि, "वह आदि में था," बाईबल ने कहा, "वह वचन था।" वह लोगोस था जो परमेश्वर में से निकला था। और लोगोस, आदि में, वचन था। और वह वचन बन गया। फिर जब वह उस महिमामय ईस्टर के दिन ऊपर चढ़ गया, वह केवल वचन ही नहीं बना, लेकिन वह अपने खुद के वचन का महायाजक बन गया। ओह, क्या ही महिमामय बात है, भाई नेविल! सोचने के लिए वो केवल वचन ही नहीं है, लेकिन वो अपने खुद के वचन का महायाजक है! हम भला इस पर कैसे संदेह कर सकते हैं? हम कैसे उसके पास चल कर जा सकते हैं और विश्वास नहीं करते कि जो हम मांगते हैं वह हमें मिल जाता है? क्योंकि, वो वचन है और वचन का बिचवाई करने वाला है! लोगोस वचन बन गया, और वचन देहधारी हुआ; और वही देह जो वचन था, ऊपर महिमा के अंदर उठा लिया गया, और अब महायाजक बिचवाई कर रहा है, अपने आप से, अपने वचन के लिए।

28 यही है जो इसे लेता है! यही वो सामान है जो कलीसिया को मिला है। क्या ही हथियार है! इसके जैसा कोई कभी नहीं हुआ। वह वचन था। और जब वह आया, उसने एक चरनी में जन्म लिया। वह हथियार का उपयोग करने के लिए आया एल–ओ–वी–ई, प्रेम, संसार को जीतने के लिए; ना ही सेना की गोलियों के साथ, ना ही मशीनगनों और टैंकों के साथ। परंतु वह भिन्न तरह से आया। वह प्रेम के रूप में आया। वह परमेश्वर का प्रेम था।

29 एक बार, एक छोटे लड़के के नाई, मैं सोचा करता था कि मसीह ने

मुझसे प्रेम किया, और परमेश्वर ने मुझसे घृणा की; क्योंकि वो मसीह मेरे लिए मरा, लेकिन परमेश्वर के पास मेरे विरोध में कुछ तो था। लेकिन मैंने पाया कि मसीह तो वही परमेश्वर का ह्रदय है। "परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम किया कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, कि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश ना हो, लेकिन उसके पास अनंत जीवन होगा।"

30 अब वह पहले आता है, जय पाने के लिए। और जो चीज शैतान ने संसार में डाली थी वह घृणा थी। और वह घृणा पर जय पाने के लिए आया। जब हम अपनी लड़ाईयों और आदि–आदि को जीतते हैं, संसार के लडाइयों में, यह हमेशा ही एक घृणा को छोड़ता है; क्योंकि, उस प्रकार की लड़ाइयाँ शत्रु की होती हैं। लेकिन मसीह प्रेम के साथ आया, ताकि घृणा पर जय पाए, उन लोगों से प्रेम करे जो अप्रिय थे। वह एक भिन्न हथियार के साथ आया। और उसने खुद को नम्र किया, "दूतों से थोड़ा ही नीचा किया," कि मृत्यु को सहन करे, और एक उदाहरण को देने के लिए। और जब वह यहां धरती पर था, वह मनुष्य के बीच में चला।

31 उसने अपने युद्ध के हथियारों को प्रमाणित किया, जब उसने बीमारों को चंगा किया। जब उसने पांच छोटी रोटी और दो मछली के टुकड़े लिए, और पांच हजार लोगों को खिलाया, उसने साबित किया कि उसके पास हर एक परमाणु के ऊपर सामर्थ थी जो वहां पर था। ना ही उसने केवल मछली को बढ़ाया, लेकिन उसने पकी हुई मछली को बढ़ाया। ना ही उसने केवल उन रोटियों में के गेहूं को बढ़ाया, लेकिन उसने उन गेहूं की पकी रोटियों को बढ़ाया। इसने दर्शाया कि वह महान और सामर्थी जय पाने वाला था! ना ही उसने केवल कुएं से ही पानी को लिया, लेकिन उसने उस पानी को, दाखरस बनाया, जो कुएं में का था। उसने साबित किया कि उसके पास जय पाने की सामर्थ थी। और उसने प्रेम किया, और उसका हथियार प्रेम था। अब ध्यान दें।

32 फिर जब उसने यह किया, जब वह एक दिन लाजरस की कब्र के पास खड़ा हुआ, और वहां एक मनुष्य मरा हुआ था, और चार दिनों से दफनाया गया था। यहां तक कि वे जो वहां पर थे, उन्होंने कहा, "अब तो उसमें से बदबू भी आ रही है।" उसकी नाक अंदर दब गई थी, उसमें से खाल के कीड़े रेंगने लगे थे। और यीशु वहां पर खड़ा था, एक सामर्थी जय पाने वाले के नाई, जब उसने मार्था और मरियम से कहा, जब वह वहां खड़ा

था, "क्या मैंने तुम से नहीं कहा, 'यदि तुम केवल विश्वास कर सको, तो तुम परमेश्वर की महिमा को देखोगे'? " उसने बस इतना ही कहा था (जब उन्होंने कहा, "हमारा भाई मर गया है," और आदि–आदि), उसने कहा, "मैं पुनरुत्थान और जीवन हूं! वह जो मुझ पर विश्वास करता है, यदपि वह मर भी जाए, तौभी वह जीवित रहेगा। और जो कोई भी जीवित है और मुझ में विश्वास करता है, वह कभी नहीं मरेगा। क्या मैंने आपको यह नहीं बताया कि वह अनंत, धन्य सामर्थ मेरे अंदर है? " उसने कभी भी केवल एक बयान नहीं दिया, वह हर एक चीज को पूरा करने में सक्षम था जो उसने कहा, क्योंकि वह एक सामर्थी जय पाने वाला था।

33 उसमें वास करते हुए, पीछे पकड़े हुए, मनुष्य की देह से ढके हुए, एक मनुष्य के नाई, लेकिन उसके अंदर कोई और नहीं था सिवाये सर्वशक्तिमान परमेश्वर के, वो महान और सामर्थी। वह फिर से बना सकता था। वह नई–नई चीजों की सृष्टि कर सकता था। वह बोल सकता था, और जो उसने मांगा वह उसी क्षण में दिया जाता। लेकिन, उसने खुद को नम्र किया, वह नीचे बना रहा। वह एक उदाहरण देना चाहता था। वह एक सही प्रकार का विजेता बनना चाहता था, और वह था। अब, उसने खुद को ऐसा साबित किया था।

34 जैसा कि मैंने अक्सर अपनी सभाओं में कहा है, हो सकता है यह आज सुबह गवाही को दे, लोगों के इस झुंड में, इस सुंदर ईस्टर की सुबह पर। एक महिला, जो किसी एक कलीसिया से संबंधित है जो प्रभु यीशु के लहू को स्वीकार करने में विश्वास नहीं करती है। "लहू के बहाए बिना, पाप की क्षमा नहीं होती है।" उसने मुझे बताया कि वह मनुष्य बस एक भविष्यव्यक्ता था, एक अद्भुत मनुष्य, और मैंने उसे दैविकता बनाया है। मैंने कहा, "वह दैविकता था। वह परमेश्वर था।"

उसने कहा, "तुम उसे बहुत बड़ा बनाने की कोशिश करते हो।"

35 मैंने कहा, "उसकी महानता को व्यक्त करने के लिए कोई भी शब्द नहीं है!" मनुष्य की जुबान इसे कभी भी व्यक्त नहीं कर पायी है!

36 एक दिन एक व्यक्ति के साथ बात कर रहा था, वाशिंगटन, डी. सी. से जो डिप्लोमा पाया हुआ था, और उसने कहा, एक—एक नाश्ते पर एक छोटी सी गवाही पर जहां हम एक साथ एकत्र हुए थे, उसने कहा, "भाई ब्रंहम, मैं जीवन भर एक लूथरन रहा हूं। लेकिन," उसने कहा, "एक

दिन जब पुराने चलन की बेदारी में उपस्थित था," कहा, "मैं एक वेदी पर घुटनों के बल बैठ गया, और परमेश्वर के साथ एक अनुभव को लेना चाहता था।" उसने कहा, "और जब मैं वहां अपने घुटनों पर था... " अब, यह एक वाशिंगटन का डिप्लोमा पाया हुआ था उसने यहां तक कि राष्ट्रपति कुलेज के नीचे सेवा की। और जब उसने "ऊपर देखा," उसने कहा, "मैंने यीशु के एक दर्शन को देखा।" उसने कहा, "मैं नौ विभिन्न भाषाओं को आसानी से बोल सकता हूं।" उसने कहा, "लेकिन उन सभी नौ भाषाओं में से कहने के लिए एक शब्द भी नहीं पा सका।" उसने कहा, "इसलिए मैंने बस अपना हाथ उठाया, और उसने मुझे एक नयी भाषा को दिया, जिससे कि बात करूं।" उसने कहा, "मैंने तब उसके मुख की महिमा को देखा।"

37 यह महिला मुझसे कहती है, उसने कहा, "भाई ब्रंहम, यीशु कोई नहीं केवल एक मनुष्य था, बस एक भविष्यवक्ता था।"

मैंने कहा, "वह परमेश्वर था, मेरी बहन।"

38 उसने कहा, "आप उसे दैविकता बनाते हैं, लेकिन वो नहीं है।" इसलिए उसने कहा, "लाजरस की कब्र की ओर रास्ते पर था, बाईबल ने कहा, 'वह रोया।'"

39 निश्चय ही, वह वही परमेश्वर का ह्रदय था। उसने दु:ख उठाया जैसे हम दु:ख उठाते हैं। वह देह था जैसे हम देह है। उसने अपनी देह में जन्म लिया, वही इच्छाये और चीजे थी जो हम करते है। फिर भी, एक सिद्ध बलिदान बनने के लिए, उसे यह करना था। उसने किया। लेकिन मैंने कहा...

उसने कहा, "वह लाजरस की कब्र पर जाते हुए रोया।"

40 मैंने कहा, "लेकिन, ओह, महिला, यह सही बात है। वह एक मनुष्य था, जब वह रो रहा था। लेकिन जब वह वहां खड़ा हुआ था, उस कब्र के पास, जहां पर खामोश मुर्दा पड़ा हुआ था, जहां एक सड़ी हुई देह रखी हुई थी, जो कपडे से ढकी हुई थी, जब उसने कहा, 'पत्थर को हटाओ,' उसने अपने छोटे से ढांचे को एक साथ ऊपर उठाया, और कहा, 'लाजरस, बाहर आ!' और एक मनुष्य जो चार दिन से मरा हुआ था, अपने पैरों पर खड़ा हो गया।"

41 यह क्या था? सडावट अपने रचयिता को जानता थी। प्राण अपने स्वामी को जानता था। और उस महान और सामर्थी जय पाने वाले ने वहां

साबित किया कि उसके पास मृत्यु की सामर्थ है, स्वर्ग और अधोलोक और कब्र की सामर्थ है।

42 निश्चय ही, यह हमारे हृदय को रोमांचित कर देता है! आप बर्तनों को बजाने और तुरही को फूकने की बात करते हैं? संसार को आज सुबह एक जुबली में होना चाहिए, जैसा कि यह कभी नहीं हुआ था, उसके लोगों की चिल्लाहट और जयजयकार, क्योंकि यह यादगार दिन है कि जब उसने अंतिम शत्रु पर जय को पाया, और हमें बंधुआई में आजाद कर दिया।

43 जी हाँ, वह एक मनुष्य था। यह सही है। वह एक मनुष्य साबित हुआ, और वह परमेश्वर साबित हुआ।

44 एक रात, जब वो बड़े, प्रचंड समुद्र ने, जिसने हजारों जीवन को ले लिया... हो सकता है आप में से कुछ माताएं यहां इस सुबह हो, आपके लड़के उस ओर प्रचंड समुद्र में मर गए होंगे, हो सकता है वे इस संसार के युद्ध के बड़े मैदान में लहरों के नीचे डूब गए हों। आपके कुछ प्रिय जन वहां पर पड़े हुए हैं, हो सकता है समुद्र के नीचे।

45 लेकिन एक रात जब वह एक छोटी सी नाव में लेटा हुआ था, और लहरे समुद्र पर इधर–उधर उछल रही थी, जैसे बोतल का डाट उछलती है, वह उठा, और अपने पैर को नाव के किनारे पर रखा, उसने आकाश की ओर देखा, कहा, "शांत।" और लहरों से, उसने कहा, "शांत हो जाओ!" और वो विशाल समुद्र शांत होने लगा, इतना तक कि उस पर कोई सिलवट भी नहीं थी। निश्चय ही, वह था!

46 यह सत्य है कि उसे एक मनुष्य के समान भूख लगती थी। जब वह पहाड़ से नीचे उतरा और वह भूखा था, एक पेड़ के ऊपर कुछ खाने के लिए देख रहा था, वह एक मनुष्य था। लेकिन जब उसने उन पांच रोटीयो और कुछ मछलियों को लिया, और पांच हजार लोगों को खिलाया, तो वह एक मनुष्य से बढ़कर था।

47 जब वह उन्नीस सौ वर्ष पहले मरा, परसों से एक दिन पहले, वो क्रूस पर लटक रहा था, दया के लिए चिल्ला रहा था, "मेरे परमेश्वर, मेरे परमेश्वर, तूने मुझे क्यों छोड़ दिया? " वह एक मनुष्य के समान मरा। लेकिन उन्नीस सौ और कुछ वर्ष पहले, आज सुबह, उसने साबित किया कि वह क्या था! उसने अपने मसीहत की अंतिम मोहर को दिया जब उसने मृत्यु और

अधोलोक के बंधन को तोड़ दिया, और कब्र में से जी उठा, विजयी, "मैं सदा के लिए जीवित हूं! और, क्योंकि मैं जीवित हूं, तुम भी जीवित हो!"

48 वहां जय पाने वाला है! आप अपने रूमालो को झटककर और इसे हिलाने के बारे में बात करे? लोग कहते हैं कि हम पागल हैं क्योंकि हम जयजयकार करते हैं और हम दौड़ते हैं, और हम चिल्लाते हैं और हम शोर मचाते हैं। उन्होंने कभी भी स्वर्ग के विजयी कंपन को महसूस नहीं किया है, कि, "युद्ध समाप्त हो गया है!" हमारे महान सामर्थी जयपाने वाले ने हर एक जीत को हासिल कर लिया है! वह अकेला खड़ा है, आज सुबह, अनछुआ!

49 जब वह धरती पर आया, तो वे उसे सबसे गिरा हुआ नाम देते हैं, जो वे उसे दे सकते थे एक *कट्टरपंथी* के रूप में, उन्होंने उसे *बालजबूल* कहा, "शैतानों का राजकुमार।" यह सही बात है। वह धरती के सबसे निचले स्तर के शहर यरीहो में चला गया, और नगर के तुच्छ मनुष्य को उसे देखने के लिए नीचे की ओर देखना था। परंतु जब परमेश्वर ने उन्नीस सौ वर्ष पहले उसे जिलाया! यही है जो मनुष्य ने उसके साथ किया। लेकिन, प्रेम के हथियार के साथ, उसने हर शैतान पर जय को पाया।

50 और परमेश्वर ने उसे इतना ऊंचा उठाया, और उसे हर एक नाम के ऊपर एक नाम दिया, जो स्वर्ग और पृथ्वी में है। स्वर्ग में हर एक नाम "यीशु" के नाम के आगे झुकता है! हर एक दूत, हर एक राजा, हर एक चीज "यीशु" के नाम के आगे झुकते है! हर एक जीभ उसे अंगीकार करेगी, हर एक घुटना उसके सामने झुकेगा। और वह इतना ऊपर उठाया गया है, यहां तक कि उसे स्वर्ग को देखने के लिए नीचे देखना पड़ता है। यही वो सामर्थी जय पाने वाला है! यही वो एक है जिसने इसे किया! जब उसने धरती को छोड़ा, उसके बाद, पिछली रात्रि हमने लिया था, उसके पास मृत्यु और अधोलोक की चाबियाँ उसके पास लटकी हुई थी, आमीन, "डरो मत, मैं वो हूं जो मरा हुआ था, और फिर से हमेशा के लिए जीवित हूं। और" (*और* एक संयोजन या वाक्य का जोड़ है) "मेरे पास मृत्यु और अधोलोक की चाबियाँ है, ठीक *यहां* पर लटक रही है।" एक विजेता के बारे में बात करें! "और, क्योंकि मैंने जीत लिया है, मैंने केवल आपकी यात्रा करने के लिए एक राजमार्ग को बनाया है।"

51 मनुष्य को स्वर्ग से अस्वीकार कर दिया गया था, महामार्ग बंद कर

दिए गए थे। वहां कोई महामार्ग नहीं था। लेकिन, जहां कोई राजमार्ग नहीं था, वो एक राजमार्ग बनाने के लिए आया था। ओह, प्रभु! पहली पंक्ति संदेह के दृष्टआत्माओं की थी, अगली पक्षपात करने वालो की थी, अगली स्वार्थ करने वालो की थी; यह पृथ्वी दुष्ट के सामर्थ की पंक्तियों से ढकी हुई है; उसके बाद रोग, बीमारियां। लेकिन जब वह स्वर्ग पर ऊपर चढ़ने लगा! पिछली रात्रि हमारे पास वो था अधोलोक से बाहर आते हुए, मृत्यु और अधोलोक की चाबियों के साथ जो उसके पास थी। आज सुबह हम उसे ऊपर उठा रहे हैं। हाल्लेलुय्या! जब वह जी उठा, तो उसके पास... वो विजयी था। और, जब वह ऊपर गया, उसने हर एक शैतान की शक्ति को तोड़ दिया जो मनुष्य के ऊपर बनी हुई थी। वह ऊंचे पर चढ़ गया, और मनुष्य को दान दिए, पवित्र आत्मा के दान। वो सामर्थी जय पाने वाला! वह आज सुबह अकेला खड़ा है! और, उसके और हर एक विश्वासी के बीच, पवित्रता का धन्य पुराना राजमार्ग है जिस पर धर्मी चलेंगे। बच निकलने का कोई मार्ग नहीं है। केवल एक ही रेखा है जो महिमा से कट कर नीचे आती है। उसने लहू लुहान पद चिन्हों को छोड़ा जब वह दुष्ट शक्तियों के गलियारों में से होकर चला, और हमारे लिए एक राजमार्ग को बनाया, वहां से होते हुए। वह आज सुबह ऊंचे पर बैठा है, एक सामर्थी जय पाने वाले के समान!

52 उसके लोग एक जुबली को मना रहे हैं। संसार भर में उनमें से दसो हजार लोग, विजय का नारा लगा रहे हैं।

53 मैंने इस पुराने ठंडे औपचारिक कलीसिया में जुड़ते हुए देखा है। मैं कल्पना कर सकता हूं कि कोई कह रहा है... मैं आपको इसके मतभेद को दिखाऊंगा:

54 यहाँ, जैसे ही पहला युद्ध समाप्त हुआ था, एक संदेश यहाँ रास्ते पर आ रहा था, एक ग्रेहाउंड बस में आ गया। उन्होंने कहा, "यह सारा शोर क्यों है? यह सब किस बारे में है? "

55 और उनमें से एक ने कहा, "यहाँ पर देखो, यहाँ अखबार है। युद्ध अभी–अभी समाप्त हुआ है।" और हर कोई रो रहा था और चिल्ला रहा था।

56 लेकिन एक महिला ने कहा, "ओह, प्रभु, इसे इस तरह से क्यों समाप्त होना था? " कहा, "यदि यह कुछ दिनों के लिए और अधिक समय तक चल सकता," कहा, "जॉन और मैं चैन से रास्ते पर बैठे होते।" कहा, "हम वहां रास्ते पर बैठे हुए होते।"

57 वहां पीछे एक मनुष्य बस की भीड़ में खड़ा था; उस महिला को पकड़ा, और उसे लगभग दरवाजे से बाहर धक्का दिया। और जब पुलिस ने उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया, उसने कहा, "जिस कारण से मैंने ऐसा किया," उसने कहा, "उस महिला का वहां उस और कोई नहीं था जिसके प्रति वह चिंतित हो। लेकिन मेरे वहां पर दो लड़के गये हैं।" उसने कहा, "मैं अपनी भावनाओं को रोक नहीं सका।"

58 ओह, भाई! मेरा उस ओर एक पिता है। मेरे वहां उस ओर प्रिय जन है। यह मेरे लिए कुछ तो है, जब यीशु ने जय को पाया। मेरी एक पत्नी है। मेरा एक बालक है। मेरे प्रियजन हैं। वह महान सामर्थी जय पाने वाला! आप मुझे "पवित्र शोर मचाने वाला" या "धार्मिक कट्टरपंथी," कह सकते हैं जो भी आप चाहते हैं। लेकिन, जब मैं सोचता हूं कि वो महान युद्ध शांत हो गया है, तो कीमत को चुकाया गया है, जीत प्राप्त हुई है। यीशु मरे हुओं में से जी उठा, उसके मसीहत की अंतिम मोहर, कि यह सब समाप्त हो गया। वह आज सुबह जीवित है, मृत्यु और अधोलोक की चाबियों के साथ है। मेरे प्रिय जन है जो उस ओर सीमा के उस पार है। मैं इस भव्य पुराने राजमार्ग पर हूं, उन्हें देखने के लिए आगे चल रहा हूं। यह मत सोचना कि मैं पागल हूं। ओह, लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि यह सब निपट गया है! यह समाप्त हुआ काम है।

जीते जी उसने मुझसे प्रेम किया; मरते हुए उसने मुझे
बचा लिया;
दफनाया गया, उसने मेरे पापों को दूर कर दिया;
जी उठ कर, उसने हमेशा के लिए धर्मी करके आजाद
कर दिया;
किसी दिन वो आ रहा है, ओह, महिमामय दिन!

59 पवित्र आत्मा का यह धन्य पुराना बपतिस्मा, इस अद्भुत पुराने राजमार्ग पर हमारा मार्गदर्शन करने के लिए, ओह, यह कितना महिमामय है! मैं भला कैसे कभी इसके लिए लज्जित हो सकता हूं? मैं आज सुबह संत पौलुस के साथ खड़ा हूं, यह कहते हुए, "मैं यीशु मसीह के सुसमाचार से नहीं लजाता, क्योंकि यह उद्धार के लिए परमेश्वर की सामर्थ है।" यह बीमारी के ऊपर सामर्थ है। यह मृत्यु के ऊपर सामर्थ है। यह कब्र के ऊपर सामर्थ है।

60 जब वह कठोर, पुराना प्रेरित अपने मार्ग के अंत में आया, और उन्होंने

वहां उसकी कब्र खोदी, और मृत्यु उसके आमने–सामने थी, वह ठीक इसके सामने हंसने लगा। उसने कहा, "मृत्यु, तेरा डंक कहां है? कब्र, तेरी विजय कहां है? " तब उसने परमेश्वर की स्तुति में जयजयकार किया, "लेकिन परमेश्वर का धन्यवाद हो जो हमारे प्रभु यीशु मसीह के द्वारा हमें जयवन्त करता है!"

61 सबसे सामर्थी जय पाने वाला जो कभी जीया, सबसे शक्तिशाली जय पाने वाला जो कभी मरा, क्योंकि केवल वही एक था जो जय को पा सकता था; मरा, और स्वयं मृत्यु पर जय पायी, और फिर से विजय में जी उठा हैं! उसने साबित किया कि वह क्या था। यह उसके मसीहत की अंतिम मोहर थी।

62 और अब, संयोग से, यदि आज सुबह इस इमारत में कोई ऐसा होगा, जो एक गुनगुने कलीसिया का सदस्य है, और युद्ध के समाप्त होने के आनंद को नहीं जानता है। लोग चिल्लाते हैं, लोग आनंद करते हैं, लोग रोते हैं! आप कहते हैं, "उनके साथ क्या मामला है? " वे जानते हैं कि यह एक समाप्त हुआ काम है। यह सब खत्म हुआ है! निश्चय ही! हम बैंड को बजाते हैं। [भाई ब्रंहम ताली को बजाते है—सम्पा।] हम तुरहियों को जोर से बजा रहे हैं, और सुसमाचार बाहर जा रहा है। परमेश्वर की महिमा और सामर्थ ज्ञात हुई है। और यह एक पूरा हुआ काम है, संधि पर हस्ताक्षर किए गए हैं; परमेश्वर की महिमा हो, मसीह ने इसे अपने ही लहू में हस्ताक्षर किया! लड़ाई खत्म हो गई है। जीत को हासिल किया गया है। मैंने इसे कभी भी नहीं जीता; उसने इसे जीत लिया! मैं बस इसके विषय में खुश हूं। ओह!

63 जब उनमें से कुछ लड़के दूसरे देश से वापस आ रहे थे, उन्होंने मुझे बताया, जब जहाज न्यूयॉर्क में आया, जैसे ही यह बंदरगाह में पहुंचा, उन्होंने वहां पर देखा और उन्होंने स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी को देखा। पहली चीज जो आप देखते हैं, जो ऊपर खींचती है। वे उठे, उनमें से कुछ अपाहिज पुराने योद्धा जहाज के छत पर थे, जिससे कि वे इसे देख सके। और जब उन्होंने उस स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी की मूर्ति को देखना आरंभ किया, तो वे रोने लगे। वे रोये। वे इसकी सहायता नहीं कर सके। महान बड़ा मनुष्य वहां खड़ा था, बड़ा कठोर मनुष्य, थरथरा रहा था और कांप रहा था। वे अपनी भावनाओं को रोक नहीं सके। क्यों? यह मूर्ति स्वतंत्रता का प्रतीक थी। बस उस स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के पीछे, पड़े हुए थे... पिता थे, माँ, प्रियजन, हृदय

प्रिय, पत्नी, बालक थे, इस धरती पर जो उनके प्रिय जन है, वे इसके ठीक पीछे रुके हुए थे। और इससे पहले कि वे अंदर चलकर जाते, उन्होंने पहचान लिया, यह आजादों का देश था और बहादुरों का घर था। निश्चय ही, यह आपकी भावनाओं को हिला देगा, वह पुराना झंडा लहरा रहा था। इस पर सोचे, एक युद्ध से घायल अनुभवी बंदरगाह में आ रहा है! निश्चय ही, यह एक अद्भुत समय था।

64 लेकिन, ओह, भाई, इन सुबहो में से एक सुबह, जब सिय्योन का पुराना पानी का जहाज प्रस्थान करता है, और मैं उस चिन्ह को वहां लगा हुआ देखता हूं, उस पुराने मजबूत क्रूस के! जबकि हवाएं उसके पुराने भूरे रंग के झंडे को जोर से उड़ा रही है, जब वह मृत्यु के कोहरे में से होकर जा रही है। यह क्या ही विजय है! क्यों, कोई आश्चर्य नहीं कि हम अपनी भावनाओं को शांत नहीं रख सकते! कुछ तो घटित हुआ है; हम संगी नागरिक बन गए हैं। काम पूरा हुआ है।

65 जब उन्होंने उत्तर और—और—और—और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के बीच बड़े पुल को यहाँ से वहां तक फैलाया, सिडनी से लेकर, दक्षिण सिडनी तक। कैसे हर एक मनुष्य ने लेकर... क्यों, वे सारे देश में चले गए, वे मनुष्य को ढूंढने का यत्न कर रहे थे कि वो इस काम को करे। वह काम बहुत ही बड़ा था, क्योंकि उन्होंने कहा कि कोई भी इसे नहीं करेगा। अंत में, इंग्लैंड के एक व्यक्ति ने कहा, "मैं इस काम को करूंगा।" और जब वह उस काम को करने के लिए वहां पर गया, तो उसने पुल में लगने वाले हर एक बोल्ट को परखा। उसकी प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। उसने सारी मिट्टी को परखा और हर चीज जो नीचे गई। वह यहाँ–वहां गया, और सबसे अच्छा जो वह पा सकता था उसे लिया; उसने बहुत ही बेहतरीन मैकेनिक को लिया, बहुत ही बेहतरीन रसायनशास्त्री को, हर चीज का सबसे अच्छा जो वह अपने आस–पास पा सकता था। और, अंत में, जब पुल बनकर पूरा हो गया था, और वह दिन आया जहां उसे परखा जाना अवश्य था।

66 आलोचक एक ओर खड़े हो गए, और उन्होंने कहा, "यह नहीं टिकेगा। यह हिल के नीचे जाएगा। वहां नीचे बहुत ही रेत है।"

67 लेकिन उसने नीचे खोदा, नीचे, नीचे, बहुत ही नीचे। उसके पास भरोसा था। वह जानता था कि हर एक चीज का परीक्षण किया गया था। और उसने कहा, "मैं खुद इस पर से होकर पहली यात्रा करूंगा।" और

जैसे ही वह मेयर के सामने पुल के पार चला गया, इस तरह से पीछे; और बड़ी–बड़ी रेलगाड़ियाँ, लगभग छह साथ–साथ, उस पार से आ रही थी, उस पुल को हिलाते हुए। वो बड़ा मनुष्य जिसने इसे बनाया, इस जन मण्डली के सामने इस तरह से चला, "यदि वह गिरती है, तो मैं इसके साथ गिरूंगा।" लेकिन उसके पास भरोसा था।

68 इसी प्रकार से हमारे धन्य प्रभु ने किया जब उसने अपनी कलीसिया बनाई! वह हर एक नट–बोल्ट को जांचता है, हर एक चीज जो इसमें लगाई जाती है, क्योंकि इसे अवश्य ही लहू से धोया जाना है! और आलोचना करने वालों में से एक जन किनारे पर खड़ा हुआ था, कहा, "पवित्र–शोर मचाने वालों का झुण्ड, वे इसे नहीं बना पाएंगे।" लेकिन इन महिमामय दिनों में से एक दिन! यह महान सामर्थी जय पाने वाला आज हमारे आगे–आगे चलता है, विजयी! उसे कंपन करने दो, करने दो जो वह चाहती है, वो... इसमें एक भी चूक नहीं होगी, कहीं भी नहीं, क्योंकि उसने मार्ग को बनाया है, और इसे पूरा किया है। निश्चय ही!

69 हम आज लोगों के कहने पर सोचते हैं, अपने विचारों को संसार की चीजों पर लगाते हैं। लेकिन मुझे आपको कुछ बताने दो, भाई, मैं कभी भी सुसमाचार से लज्जित नहीं होऊंगा! ओह, भाई, मैं बस एक पुराने चलन का हूं, फिर से जन्मा, पवित्र आत्मा का जन्मा, परमेश्वर की आत्मा से। मैं इसी तरह से जन्मा था, मैं बस ऐसा ही हूं, और यही सब मैं हमेशा बनना चाहता हूं।

70 एक समय की बात है, अधिक समय नहीं हुआ, वहां एक लड़की थी जो कॉलेज गई थी। और वह एक प्यारी सी, छोटी लड़की थी। और जब वह घर पर वापस लौटी, तो वह अपने साथ कॉलेज के कुछ विचारों को लेकर आई।

71 और हो सकता है, आज सुबह, आप में से कुछ लोगों के पास आपके कुछ संसारी विचार आपके साथ थे। हो सकता है आपने कलीसिया में अपने बहुत से विचारों को अपने साथ लिए हुए हो। तो, उनसे छुटकारा पाये, यही सबसे अच्छी बात है जो मैं करना जानता हूं।

72 तब यह लड़की, जब ट्रेन उसके सामने आकर रुकी, वह अपने साथ एक छोटी लड़की को लेकर आई, उन छोटी शरारती प्रकार की लड़कियों में से एक, आप जानते हैं, जैसे एल्विस प्रेस्ली की तरह। और जब वह वहां

पर खड़ी थी, आप जानते हैं, ट्रेन में, उसकी मां बाहर की ओर थी, वहां एक बूढ़ी महिला खड़ी थी, उसके चेहरे पर सारे जख्म थे; छोटे झुके हुए कंधे; छोटी सूती पोशाक पहने हुए, एक छोटी सी शॉल उसके कंधों पर थी। और यह छोटी सी शरारती लड़की जो उसके साथ थी, इस दूसरी लड़की ने नीचे की ओर देखा, और कहा, "तो, वह दयनीय, बदसूरत दिखने वाली बुढी अभागी महिला कौन है? "

73 खैर, आप जानते हैं, इसने लड़की को बहुत ही शर्मिंदा कर दिया, उसने कहा, "मैं नहीं जानती," क्योंकि वह बहुत ही नकचढ़ी थी, और उसके दिमाग में बहुत सारे सांसारिक विचार थे। और यह उसकी अपनी मां थी।

74 जब वह ट्रेन से उतरी, तो छोटी बूढ़ी मां उसके चारो ओर अपनी बांहों को डालने के लिए दौड़ी। उसने कहा, "ओह, प्रिय, परमेश्वर तुम्हारे छोटे से ह्रदय को आशीष दे।" और उसने उसकी पीठ को घुमा दिया और दूर जाने लगी, जैसे कि वह उसे जानती ही ना हो। वह लज्जित थी, क्योंकि उसकी मां बहुत ही कुरूप थी।

75 और ये ऐसा हुआ, कि उस ट्रेन का कंडक्टर, कहानी को जानता था। वह वहां उनके पास आया, और अपने हाथों को उस लड़की के कंधे पर रखा, उसे सारे लोगों के सामने घुमाया, कहा, "तुम्हें शर्म आनी चाहिए! तुम्हें शर्म आनी चाहिए!" कहा, "मैंने उस समय को देखा है कि जब तुम्हारी मां तुमसे दस गुना सुंदर थी।" कहा, "वह... मैं उसके पड़ोस में रहता था।" और कहा, "तुम एक छोटी सी बच्ची थी, और तुम घर में ऊपर अपने पालने में थी। और तुम्हारी मां पीछे आंगन में कपड़े टांग रही थी।" और कहा, "अचानक, भट्टी में आग लग गई, और सारा घर आग की लपटों में आ गया था। और जब तुम्हारी छोटी माँ दौड़ने लगी, और वो जानती थी कि तुम वहां सीढ़ियों से ऊपर की ओर, वहाँ ऊपर थी।" कहा, "उन्होंने चिल्लाया, और उसे पकड़ने की कोशिश की। लेकिन वो झटककर, जो उसके पास था, और उन धधकती हुई आग में से होकर ऊपर की ओर भागी; और उसने अपने शरीर से उसके कपड़ो को खींचा, और तुम्हे उसमें लपेट दिया। और यहाँ वह वापस आग की लपटों में से होते हुए आ गयी, तुम को हाथ में समेटे हुए। और वह आंगन में बेहोश हो गई, तुम उसकी बाहों में थी।" और कहा, "उसने वो ले लिया जो उसकी रक्षा करता, और उसने उससे

तुम्हारी रक्षा की।" और कहा, "जिस कारण से तुम आज सुंदर हो, उसी कारण से वह बदसुरत है। और, तुम्हारा मुझे कहने का यह मतलब है कि तुम्हारी मां के उन दागो से तुम्हें लज्जित होना पड़ेगा? "

मैं आज सोचता हूं:

यदि यीशु केवल क्रूस को सहन करता है,
और सारा संसार आजाद हो गया?
हर एक के लिए एक क्रूस है,
और मेरे लिए एक क्रूस है।

76 यदि यीशु को "बालजबुल," माना जाता था, तो इस संसार के द्वारा, उस पर हँसा गया और उपहास उड़ाया गया, और क्रूस पर लटका दिया गया, जो मेरे लिए लज्जाजनक बन गया था, मैं उसकी पवित्रता की निंदा को सहन करने से कहीं अधिक खुश हूं। जी हां, श्रीमान। "पवित्र शोर शराबा करने वाले!" बुलाने दो, आप जो भी कहना चाहते हैं, जो भी टिप्पणी आप करना चाहे। यह इसे जरा सा भी नहीं रोकता है। मैं आज सुबह केवल खुश हूं, कि, मेरे हृदय में, पुनरुत्थित हो उठा मसीह जीवित है और राज्य करता है। मैं उसके लोगों में से एक हूं। मैं भरोसा करता हूं कि आप भी है।

77 हमारा समय अब पूरा हुआ है। यह ठीक सात बजे है, जब हमने कहा कि हम समाप्त कर देंगे। आगे की सभा लगभग दो घंटे में आरंभ होगी, अब, साढ़े नौ बजे।

आइए हम अपने सिरों को प्रार्थना में झुकाए, बस कुछ क्षण के लिए।

78 धन्य स्वर्गीय पिता, पैतालीस मिनट बीत चुके हैं, वचन आगे जा चुका है। हमारे हृदय प्रसन्न है। जुबली जारी है; ना ही केवल एक दिन के लिए जुबली, लेकिन एक जुबली जो अनंतता के लिए है! महिमा में, दूत गा रहे हैं। हे परमेश्वर, कलीसिया, जय जयकार करती है, गा रही है। आनंद की घंटियां बज रही हैं। वे प्राण जिन्हें एक बार मृत्यु के लिए दोषी ठहराया गया था, और मरने के लिए और शैतान की कब्र में जाने के लिए, शैतान पर जय को पा लिया गया है! मृत्यु को जीत लिया गया है। कब्र को जीत लिया गया है। बीमारी को जीत लिया गया है। अंधविश्वास को जीत लिया गया है। द्वेष को जीत लिया गया है। घृणा को जीत लिया गया है। उदासीनता को जीत लिया गया है। हठीपन को जीत लिया गया है। स्वघोषित दावों को

जीत लिया गया है। हर एक चीज को जीत लिया गया है। मसीह महान जय पाने वाला है!

देखो! उस सामर्थी जय पाने वाले को देखो, (कवि ने कहा)
देखो! उसे स्पष्ट दृश्य में देखो,
क्योंकि वह सामर्थी जय पाने वाला है,
चूँकि उसने परदे को दो हिस्सों में फाड़ दिया।

79 उसने उस परदे को फाड़ दिया जिसने मनुष्य को परमेश्वर से छिपाया, और अब परमेश्वर मनुष्य के बीच में वास करता है। उसने उस परदे को फाड़ दिया जिसने परमेश्वर की चंगाई से दूर रखा। उसने उस परदे को फाड़ दिया जिसने परमेश्वर की आशीष को दूर रखा। उसने उस परदे को फाड़ दिया जिसने परमेश्वर के आनंद को दूर रखा। उसने उस परदे को फाड़ दिया जिसने परमेश्वर की शांति को दूर रखा। अब पर्दा फटकर दो भाग हो गया है। अपने खुद के लहू से, वह एक जयवन्त के समान चला! लड़ाई समाप्त हुई है, उसने अपने पुनरुत्थान में इसे हमारे लिए साबित किया है। और अब पवित्र आत्मा एक गवाह है, जो हमारा मार्गदर्शन करने के लिए भेजा गया है।

80 हे अनंत परमेश्वर, यदि आज सुबह यहां कोई है, जो अब व्यर्थ इधर–उधर घुम रहा है, अंदर और बाहर, राजमार्ग से, रास्ते के किनारे गिरते हुए, कभी भी सीधे रास्ते के बीच में चलने में सक्षम नहीं हुआ है, उन महान नायकों के साथ, वे महान नायक जो राजमार्ग के बीचो–बीच चलते है, हम आज सुबह प्रार्थना करते हैं, कि वे अपना सब कुछ आपको समर्पित कर देंगे, और बाहर आकर और इस महान विजय का आनंद ले जो हमारे जी उठे प्रभु के द्वारा जीता गया है। इसे प्रदान करे, पिता, क्योंकि हम इसे मसीह के नाम में मांगते हैं।

81 और जब हमने अपने सिरों को झुकाया है। मैं सोचता हूं, इस समय के क्षण में, कि यदि आप अपने हाथों को मसीह की ओर उठाकर, और कहे, "मसीह, मैं सराहना करता हूं, मैं आपसे फिर से कभी भी लज्जित नहीं होऊंगा। मैं थोड़ा संकोचशील रहा हूं।" परमेश्वर आपको आशीष दे, महिला। परमेश्वर आपको आशीष दे, श्रीमान। परमेश्वर आपको आशीष दे, आपको। ओह, प्रभु, हर कही हाथ उठ रहे हैं! "मैं थोड़ा संकोचशील

रहा हूं। मैं एक प्रकार से लज्जित रहा हूं। और मैं वास्तव में अब अपने स्थान को देखता हूं। मुझे ऐसा कभी नहीं करना चाहिए था। मुझे ठीक वहां पर खड़ा होना चाहिए, अपनी गवाही को देना चाहिए! मुझे बिल्कुल वैसा ही होना चाहिए। मुझे सबको बताना चाहिए, 'मैंने फिर से जन्म लिया है।' मुझे हर एक को बताना चाहिए, 'मैंने पवित्र आत्मा को पाया है।' मैं सुसमाचार से नहीं लजाता, क्योंकि यह उद्धार के लिए परमेश्वर की सामर्थ है। मैं एक सच्चा आगे बढ़ने वाला मसीही बनना चाहता हूं। मैं ऐसा नहीं रहा हूं। लेकिन, परमेश्वर की सहायता से, इस ईस्टर की सुबह से, मैं बनुंगा। मैं बनुंगा।" इससे पहले कि हम प्रार्थना करें कोई और भी अपने अब हाथो को ऊपर उठायेगा? परमेश्वर आपको आशीष दे, आपको, आपको।

82 ओह, निर्णयों की ओर देखो! कम से कम पच्चीस या तीस, आज सुबह लोगों के इस छोटे से झुण्ड के बीच में बैठे हुये, एक निर्णय को लिया है। इस महान विजयी सुबह से, वे वहां पर, परमेश्वर के अनुग्रह के द्वारा, खड़े हुए है और सुसमाचार से लज्जित ना होंगे, क्योंकि यह उद्धार के लिए परमेश्वर की सामर्थ है।

83 हे परमेश्वर, जैसे कि ये हाथ ऊपर उठे हुए हैं, और संगीत मधुरता से वहां पीछे सड़क पर गूँज रही है, जैसा कि हम मृत्यु से जीवन में प्रवेश कर चुके हैं, क्योंकि आपने कहा है, "वह जो मेरे वचनों को सुनता है, और उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है, उसके पास अनंत जीवन है।" वे मृत्यु से जीवन में प्रवेश कर चुके हैं, क्योंकि आप मृत्यु बन गए ताकि वे आपके पुनरुत्थान के द्वारा जीवन बन सकें। आप दूतो से भी नीचे बन गये थे, एक मनुष्य होने के लिये नीचे आये, उस पार से, उस महान दैविक शरीर में से बाहर आये, जो देहधारी हुआ था और लहू था, और उस लहू को बहाया, जिससे कि आप हम सब के लिए बचने का मार्ग बना सके। तब आपने न केवल ऐसा किया, (हम इसे बाईबल में पढ़ते हैं), लेकिन आपने इसे साबित किया, अचूक रूप से, मृतकों में से जी उठने के द्वारा, और मुर्दों को जिलाते हुए जब आप यहां धरती पर थे; केवल इतना ही नहीं, लेकिन आपने किया, आपने इसे दोहरा प्रमाण बनाया, जैसे आपने अब्राहम के साथ किया; अब, इसके अलावा, आपने पवित्र आत्मा को एक गवाह के रूप में वापस भेजा है। और हमारे पास उसकी धन्य उपस्थिति हमारे साथ है, और हम में है, जो हमारा मार्गदर्शन कर रही है, हमें सारे सत्य और उजियाले की ओर अगुवाई करते हुए।

84 हम आपको इन बहुत से हाथों के लिए धन्यवाद देते हैं, जो आज सुबह ऊपर उठे हुए हैं, यह कहते हुए, "मैं अब मसीह को अपना करके मानता हूं।" हे परमेश्वर, यदि उन्होंने कभी भी पानी में बपतिस्मा नहीं लिया है, जिससे कि बड़ी मृत्यु का प्रतिनिधित्व करे, दफनाए जाये, और उनके धन्य प्रभु का पुनरुत्थान, होने पाए वे आज सुबह सभा में वापस आ जाए, अपने कपड़ो को लाते हुए, और इस बर्फीले तालाब में जाने के लिए तैयार हो। इसे प्रदान करे, पिता।

85 हमें आशीष दे। हमारे पापों को क्षमा करें। हम आपको स्तुति देंगे, आने वाले युगों में से होते हुए। जब सारी लड़ाई समाप्त हो जाती है, जब सारा धुंआ साफ़ हो जाता है, और इस धरती के होठों का आनंद, समाप्त हो जाता है, जहां हम आपकी स्तुति करते हैं, हर एक चीज के साथ जो हमारे पास है, हमारे पास नई आवाजे होनी है, नया अस्तित्व, आपकी स्तुति करने के लिए। तब हम आनंद के साथ प्रवेश करें। क्योंकि हम इसे मसीह के नाम में मांगते हैं। आमीन!

86 अब हम अपने पैरों पर खड़े हो जाये... ? ... उन सभाओ को ना भूले, साढ़े नौ बजे। घर जाओ, अपना नाश्ता करो। वापस आ जाये, हम अब आपके साथ होने की आशा करते हैं। और फिर आज रात, याद रखना। मुझे इस दोपहर बाद जाना है, अध्ययन और प्रार्थना करते हुए।

87 क्योंकि मैं तुम से कहता हूं, कि मसीह जीवित है, वह मरा नहीं है। और मैं अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करता हूं, वह आज रात्रि इस भवन में होगा, यह दिखाने के लिए कि वह जीवित है, उन्हीं चीजों को करने के लिए जो उसने उस पहली ईस्टर की सुबह को किया था और उसके जीवन की यात्रा में से होते हुए। यदि यह ऐसा नहीं होता है, तो फिर मैं एक झूठा भविष्यद्वक्ता रहा हूं। मैं यह जानकर बहुत खुश हूं कि इस बड़े अंधकार की घड़ी में, जिसमें हम अब जी रहे हैं, जब सारी आशा, प्रतीत होती है, जा चुकी है; मसीह, वो ठोस चट्टान जो हम खड़े हो सकते हैं, अन्य सारी भूमि धंसती हुई रेत है। तो ठीक है।

88 हमारा छोटा सा गीत *यीशु के नाम को अपने साथ ले लो* समाप्त करने का गीत। हर कोई, अब एक साथ गाये।

यीशु के नाम को अपने साथ ले,
दुःख और शोक की संतान;

यह आनंद और...

89 ठीक अपने आस–पास घूमे, और हाथ को मिलाये, और कहे, "प्रभु की स्तुति हो," आपके पास खड़े किसी से तो कहे। (तो ठीक है, प्रभु धन्य है... ? ...)

धरती की आशा और स्वर्ग का आनंद;
बहुमूल्य नाम, ओह कितना मधुर!
पृथ्वी की आशा और स्वर्ग का आनंद।

90 अब हर कोई ठीक इस ओर देखे। आइए अब उसकी स्तुति करें। आइए अब अपने हाथों को उठाये, और कहे, "धन्यवाद, प्रभु, मेरे प्राण को बचाने के लिए।" तो ठीक है, हर एक जन!

धन्यवाद, प्रभु, मेरे प्राण को बचाने के लिए,
धन्यवाद, प्रभु, मुझे चंगा करने के लिए;
धन्यवाद, प्रभु, मुझे देने के लिए,
आपका महान उद्धार इतना पूर्ण और स्वतंत्र है।

91 क्या ही धन्य बात है! क्या आप उससे प्रेम करते हैं? कहे, "आमीन।" ओह,... अब सब कुछ पूरा हो गया है, बच्चों। हर एक चीज समाप्त हुई है, अब कोई और लड़ाई नहीं है, कोई और युद्ध नहीं है, आपको कुछ भी नहीं करना है; यह पहले ही किया जा चुका है। हम बस आनंद करे! ओह, प्रभु! हम उसमें पूर्ण है!

... सहारा लिए हुए,
सारे खतरों से सुरक्षित और सकुशल;
सहारा लिए हुए, सहारा लिए हुए,
अनंतकालीन बाहों पर झुके हुए।

ओह, इस यात्री मार्ग पर चलना कितना मधुर है,
सनातन की बाहों पर सहारा लिए हुए;
ओह, किस तरह से दिन–प्रति–दिन पथ कि चमक
बढती जाती है,
सनातन की बाहों पर सहारा लिए हुए।

सहारा लिए हुए, सहारा लिए हुए,
सुरक्षित और सुकुशल, सारे खतरों से;

सहारा लिए हुए, सहारा लिए हुए,
सनातन की बाहों पर सहारा लिए हुए।

आप जिनके पास रूमाल हैं, उसे निकाल सकते है।

... ओह, सहारा लिए हुए,
सुरक्षित और सुकुशल सारे खतरों से;
सहारा लिए हुए, सहारा लिए हुए,
अनंतकालीन बाहों पर झुके हुए।

अब आपकी बाइबल!

सहारा लिए हुए, सहारा लिए हुए,
सुरक्षित और सुकुशल सारे खतरों से;
सहारा लिए हुए, सहारा लिए हुए,
सनातन की बाहों पर सहारा लिए हुए।

92 यह क्या है? पूरी तरह से सुकुशल और सुरक्षित, सब समाप्त हुआ है, लड़ाई समाप्त हो गई है, अंतिम मोहर टूट गई है, वह ऊपर उठाया गया है। हाल्लेलुय्या!

सहारा लिए हुए, सहारा लिए हुए,
सुरक्षित और सुकुशल, सारे खतरों से;
सहारा लिए हुए, सहारा लिए हुए,
सनातन की बाहों पर सहारा लिए हुए।

93 अब आइये अपने सिरों को उस मिट्टी की ओर झुकाये जहां से परमेश्वर ने हमें उठाया था, जहां किसी दिन हम धरती की मिट्टी में से ऊपर आ जाएंगे। क्योंकि, हमारा प्रभु, मिट्टी से लाया गया, मिट्टी में चला गया, ताकि हमें उसकी अमरहार आत्मा को दे, वह मिट्टी में से ऊपर आ गया, और वे सब जो उसमें हैं, किसी दिन उसके साथ ऊपर आ जाएंगे, धन्य क्षेत्रों में।

94 जैसा कि हमने अपने सिरों को झुकाया है, मैं देखता हूं कि आज सुबह भाई स्मिथ हमारे बीच में है, चर्च ऑफ गॉड के पास्टर; कल रात उन्होंने मुझे फोन किया। भाई स्मिथ, क्या आप बस आगे कदम को बढ़ायेंगे। अब मैं सोचता हूं, कि यदि भाई स्मिथ हमारे लिए प्रार्थना के कुछ शब्दो के साथ समाप्त करे। जब आप अपने घर के लिए उसके बाद जल्दी करते है, और अपना नाश्ता करे। सन्डे स्कूल की सभा के लिए वापस आ जाये, और

बपतिस्मा की सभा के लिए, तुरंत बाद साढ़े नौ बजे आरंभ होगी। क्या हम अपने सिरों को झुकायेगे, जबकि भाई स्मिथ प्रार्थना के साथ समाप्त करते हैं।

57-0421S महान और सामर्थी जय पाने वाला
ब्रंहम टेबरनेकल
जेफ़्फ़रसनविल, इंडिआना यू.एस.ए

HINDI

©2023 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

सर्वाधिकार सूचना

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस पुस्तक को व्यक्तिगत उपयोग के लिए घर के प्रिंटर पर छापा जा सकता है या यीशु मसीह के सुसमाचार को फैलाने के लिए एक साधन के रूप में निःशुल्क दिया जा सकता है। वॉयस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग्स® की स्पष्ट लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक को बेचा नहीं जा सकता, बड़े पैमाने पर प्रतिलिपि तैयार नहीं किया जा सकता, वेबसाइट पर पोस्ट नहीं किया जा सकता, पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहीत नहीं किया जा सकता, अन्य भाषाओं में अनुवाद नहीं किया जा सकता, या धन मांगने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

अधिक जानकारी या अन्य उपलब्ध सामग्री के लिए कृपया संपर्क करें:

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org